भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2828

जिसका उत्तर 12.08.2026 को दिया जाना है

ओडिशा में जामुझाड़ी (एनएच-16) से धामरा पत्तन तक चार-लेन राजमार्ग गलियारा

2828 श्री मनमोहन सामल:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ओडिशा में जामुझाड़ी (एनएच-16) को धामरा पत्तन से जोड़ने वाले चार-लेन राजमार्ग गलियारे के विकास की वर्तमान स्थिति क्या है और इसके कार्यान्वयन का वर्तमान चरण क्या है;

(ख) परियोजना की कुल स्वीकृत लंबाई और अनुमानित लागत कितनी है तथा इसकी स्वीकृति के बाद से वर्ष-वार आवंटित और निर्गत की गई धनराशि और किए गए व्यय का ब्यौरा क्या है;

(ग) भूमि अधिग्रहण, सांविधिक मंजूरियों और निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति क्या है तथा अब तक प्राप्त भौतिक और वित्तीय प्रगति का ब्यौरा क्या है; और

(घ) परियोजना को पूरा करने की लक्षित समय-सीमा क्या है और पत्तन संपर्क -सुविधा को सुदृढ़ करने और क्षेत्रीय आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए परियोजना का समयबद्ध निष्पादन और परिचालन सुनिश्चित करने हेतु सरकार द्वारा क्या उपाय किए जा रहे हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) देश में राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) का विकास एक सतत प्रक्रिया है और सरकार का सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय राष्ट्रीय राजमार्ग/एक्सप्रेसवे के सुधार/चौड़ीकरण/निर्माण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर)/व्यवहार्यता अध्ययन कार्य करते रहता है ताकि राष्ट्रीय राजमार्ग/एक्सप्रेसवे के नेटवर्क के साथ बेहतर संपर्कता एवं एकीकरण स्थापित हो सके और अंतिम मील तक संपर्क सुविधा (कनेक्टिविटी) भी प्रदान की जा सके। परियोजना कार्यान्वयन और निवेश का निर्णय विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के परिणाम, संपर्क सुविधा की आवश्यकता, यातायात घनत्व और पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल के आधार पर लिया जाता है। जहां तक जामुझाड़ी (एनएच-16) को ओडिशा के धामरा पत्तन से जोड़ने वाले चार लेन के राजमार्ग कॉरिडोर के विकास के प्रस्ताव का संबंध है, सरकार के पास ऐसी कोई परियोजना विचाराधीन नहीं है।

***